**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 23.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार प्रदान किए।
- सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवास आवंटन में चार प्रतिशत के आरक्षण की घोषणा की है।
- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से प्लेटफॉर्म और गिग वर्कर्स के पंजीकरण के लिए 'विशेष पंजीकरण शिविर' आयोजित किया जा रहा है।
- नेताजी स्टेडियम में कल अंडर–17 लड़कों के लिए सातवें राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग–सह–नॉकआउट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह के पहले चरण में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छह कीर्ति चक्र और तैंतीस शौर्य चक्र शामिल हैं। वीरता पुरस्कार कर्मियों को कर्तव्य के दौरान अदम्य साहस और अद्वितीय बहादुरी के लिए दिए गए। राइफलमैन रवि कुमार, कर्नल मनप्रीत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक हिमायुन मुजम्मिल भट और नायक दिलवर खान को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किए गए। मराठा लाइट इन्फैंट्री के मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू और पंजाब रेजिमेंट के मेजर मंजीत को कीर्ति चक्र प्रदान किया गया।

मेजर आशीष धोंचक, सिपाही प्रदीप सिंह, हवलदार रोहित कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल देवन सी, विजयन कुट्टी जी और कैप्टन दीपक सिंह सहित सात बहादुर कर्मियों को उनके असाधारण साहस और कर्तव्य के दौरान बलिदान के लिए मरणोपरांत शौर्य चक्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थ।

<><><><><><><>

ग्रेट निकोबार में ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना के लिए अंतिम सामाजिक प्रभाव आंकलन रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है। यह रिपोर्ट मेसर्स प्रोब सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह रिपोर्ट आम जनता और हितधारकों के लिए प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

मिनार ट्रैवल्स नई दिल्ली के प्रबंध निदेशक एच एस दुग्गल ने प्रबंधन अधिकारियों के साथ अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद एच जाडवेट और वरिष्ठ सदस्यों के साथ कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने और चार्टर्ड फ्लाइट के संचालन पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

सरकार ने कल दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवास आवंटन में चार प्रतिशत के आरक्षण की घोषणा की है। यह निर्णय सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवासीय आवासों तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। यह पहल प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और एक समावेशी और सुलभ भारत की नींव को भी मजबूत बनाती है।

<><><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से प्लेटफॉर्म और गिग वर्कर्स के पंजीकरण के लिए 'विशेष पंजीकरण शिविर' आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ई–श्रम पोर्टल पर गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के पंजीकरण की सुविधा प्रदान करना है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य कवरेज का लाभ मिल सके। यह पहल केंद्रीय बजट 2025–26 के अनुरूप है, जिसमें ई–श्रम पोर्टल पर प्लेटफॉर्म और गिग वर्कर्स के पंजीकरण, पहचान पत्र जारी करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ की घोषणा की गई है। श्रम विभाग ने ई–श्रम पोर्टल पर प्लेटफॉर्म और गिग वर्कर्स के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक विशेष पंजीकरण प्रकोष्ठ का गठन किया है। सभी प्लेटफॉर्म और गिग वर्कर्स से इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है। वर्कर्स सीधे ई–श्रम पोर्टल पर भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 30 मई, तक चलेगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में राज्य महिला सशक्तिकरण केंद्र योजना के अंतर्गत अनुबंध के आधार पर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विशेषज्ञ के 2 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में उम्मीदवारों की सूची विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई है। दावे और आपत्तियां तीन दिनों के भीतर जमा किए जा सकते हैं।

इस बीच, विभाग में एम टी एस, क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर और कुक के पदों के लिए ली गई परीक्षा की उत्तर पुस्तिका वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां सहायक निदेशक के मेल पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

हैडो स्थित कृषि निदेशालय में एक किसान कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है। किसान फोन संख्या 243434 पर डायल कर कृषि विशेषज्ञों से कृषि संबंधी सलाह ले सकते हैं। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को कृषि, पशु चिकित्सा और मत्स्यपालन से संबंधित प्रश्नों का उत्तर स्थानीय भाषाओं में दिया जाएगा। किसान सभी कार्यदिवसों में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे के बीच इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में कल अंडर–17 लड़कों के लिए सातवें राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग–सह–नॉकआउट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण किया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा निदेशालय के खेल अनुभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया है। यह टूर्नामेंट छब्बीस मई तक नेताजी स्टेडियम और जेएनआरएम फुटबॉल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में विभिन्न नौ शैक्षिक अंचल की विजेता स्कूल टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट की विजेता स्कूल टीम को अगस्त–सितंबर के दौरान नई दिल्ली में आयोजित होने वाली चौंसठवीं सुब्रतो कप फुटबॉल चैंपियनशिप दो हजार पच्चीस में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। कल खेले गए मैच में रंगत की टीम ने विम्बर्लीगंज को तीन–एक से, कार निकोबार की टीम ने मायाबंदर को दो–शून्य से, लिटिल अंडमान की टीम ने डिगलीपुर को छः–तीन से और रंगत की टीम ने मायाबंदर की टीम को पांच–शून्य से पराजित किया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में भूतपूर्व सैनिकों की ओर से आज आयोजित होने वाले तिरंगा यात्रा को स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्कूलों में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जो अट्‌ठाईस मई तक चलेगा। इस शिविर का उद्‌देश्य भारत की भाषाई विरासत को मजबूत करना है। शिविर के पहले दिन का विषय था "मूलभूत अभिवादन और भाव, अक्षर, संख्याएँ, हस्ताक्षर," जबकि दूसरे दिन का विषय था "आभासी शहर भ्रमण और वास्तविक जीवन की बातचीत"। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के सदस्य भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अट्‌ठाईस मई तक नेत्र चिकित्सा सहायक की सेवाएं उपलब्ध कराई गई है। नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों से इस अवधि के दौरान सुविधा का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने नॉर्थ बे क्षेत्र में सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया है–**द्वीप समाचार** की बड़ी खबर है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने द्वीपों में पर्यटन विभाग द्वारा फ्लाई बोर्ड, वाटर जेट पैक एडवेंचर जलक्रीड़ा गतिविधि के लिए मसौदा तैयार करने के समाचार को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र परिसर में कल पौधारोपण अभियान चलाए जाने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया है। बाराटांग क्षेत्र में पुलिस बूथ स्थापित करने के खबर को **द इको ऑफ इंडिया** ने पहले पन्ने में मध्य में जगह दी है। वन विभाग द्वारा टुसनाबाद क्षेत्र में आग पर मॉक ड्रिल आयोजित करने के समाचार को **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>